राजस्थान सरकार

# राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद, जयपुर

(आयुष भवन, कमरा नं0 314–15, सेक्टर–26, प्रताप नगर, जयपुर–302033)
वेबसाईट https://ranc.rajasthan.gov.in
E-mail: rancjaipur2012@gmail.com दूरभाष: 0141–2796295

क्रमांक:– 5438 दिनांक:–07.09.2026

## –:विज्ञप्ति:–

**डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की सूचना**

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद्, जयपुर से मान्यता–सम्बद्धता प्राप्त राजस्थान राज्य में संचालित राजकीय एवं निजी आयुर्वेद नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में सत्र 2026–27 **D.A.N.&.P. पाठ्यक्रम** में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन दिनांक 09 सितम्बर 2026 से दिनांक 28 सितम्बर **2026** तक आमन्त्रित किये जाते हैं।

**नोट :– प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं विस्तृत दिशा–निर्देशों की जानकारी परिषद की वेबसाईट** https://ranc.rajasthan.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**बी.एस.सी. (आयुर्वेद) नर्सिंग सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की सूचना**

**राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद्, जयपुर से मान्यता (Recognition) व डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्धता (Affiliation) प्राप्त** राज्यान्तर्गत संचालित राजकीय एवं निजी बी.एस.सी.आयुर्वेद नर्सिंग महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु संचालित पाठ्यक्रम **बी.एस.सी. आयुर्वेद नर्सिंग** में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 09 सितम्बर 2026 से दिनांक 28 सितम्बर **2026** तक आमन्त्रित किये जाते हैं।

उपरोक्त दोनों पाठ्यक्रम हेतु पात्रता राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड/समकक्ष बोर्ड से 10+2 किसी भी संकाय (विज्ञान, वाणिज्य एवं कलां) के विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है अभ्यर्थी की आयु दिनांक 31.12.2026 तक 17 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। अभ्यर्थियों का चयन सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर होगा व अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार देय होगा। विद्यार्थियों के प्रवेश वर्ष में एक बार ही हो सकेगें।

**नोट :– प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं विस्तृत दिशा–निर्देशों की जानकारी परिषद की वेबसाईट** https://ranc.rajasthan.gov.in **पर उपलब्ध है ।**
**डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं निदेशालय आयुर्वेद विभाग, अजमेर की वेबसाईट के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।**

(रजिस्ट्रार)

# राजस्थान–सरकार
## राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद्, जयपुर
### (आयुष भवन, कमरा नं.314–315 एवं 305 सेक्टर–26 प्रताप नगर जयपुर)

**–:बी.एस.सी. (आयुर्वेद) नर्सिंग (B. SC. AYURVED NURSING) सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश:–**

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद् जयपुर से मान्यता **(Recognition)** व डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्धता (Affiliation) प्राप्त राज्यान्तर्गत संचालित राजकीय (शासकीय) एवं निजी बी.एस.सी. आयुर्वेद नर्सिंग महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेश निम्न नियमानुसार किये जा सकेगें उक्त पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण की अवधि 04 वर्ष निर्धारित है :–

(1) प्रवेश 12वीं कक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट के क्रम से किये जायेगें।
(2) प्रशिक्षण हेतु चयन सीटों की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
(3) अभ्यर्थी की आयु दिनांक 31.12.2026 तक 17 वर्ष अथवा अधिक होनी चाहिए।

**1. प्रवेश पात्रता–**

(अ) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/समकक्ष बोर्ड से 10+2 परीक्षा किसी भी विषय में उत्तीर्ण छात्र प्रवेश हेतु पात्र होगे।

(ब) प्रवेश हेतु आरक्षण का प्रावधान राज्य सरकार के निर्धारित नियमानुसार होगा, आरक्षित वर्ग के छात्र–छात्राओं के स्थान रिक्त रह जाने पर सामान्य वर्ग से प्रवेश दिये जा सकेंगे।

**2. आरक्षण :–**

1. राज्य सरकार की नीति अनुसार देय होगा।
2. विकलांग (निशक्तजन) अभ्यर्थियों को सक्षम राजकीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति एवं मूल प्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी। विकलांग संवर्ग(निशक्तजन श्रेणी क्षैतिज आरक्षण हेतु) में **OL (One Leg/LV (Low Vision) / HH (Hard of Hearing), Dwarfism and Acid Attack Victims** श्रेणी के आरक्षित (**Without multiple disabilities**) अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र होंगे।
3. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी।

**आवेदन पत्रों की उपलब्धता:–**

1. प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं शैक्षणिक फीस की जानकारी राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद् जयपुर की वेबसाईट https://ranc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. सामान्य जाति/पिछड़ावर्ग/आर्थिक कमजोरवर्ग/अति पिछड़ी जाति/के लिये 1200/– एव अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों को 600/– रूपये ऑनलाईन भुगतान करना आवश्यक है।
3. प्रवेश सम्बन्धित अन्तिम निर्णय राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद्, जयपुर का होगा एवं इस सम्बन्ध में किसी भी न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार जयपुर होगा।

रजिस्ट्रार

राजस्थान–सरकार

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद् जयपुर

**(आयुष भवन, कमरा नं.314–315 एवं 305 सेक्टर–26 प्रताप नगर जयपुर)**

**–: डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी (DAN & P) एवं सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश :–**

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद् जयपुर मान्यता–सम्बद्धता प्राप्त नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी के शैक्षणिक सत्र 2026–27 प्रवेश निम्न नियमानुसार किये जा सकेगें उक्त पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण की अवधि $2^{1/2}$वर्ष (ढाई वर्ष) तथा 6 माह इंटर्नशिप निर्धारित है:–

(1) प्रवेश 12वीं कक्षा में प्राप्ताकों की मेरिट के क्रम से किये जायेगें।

(2) प्रशिक्षण हेतु चयन सीटों की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

(3) अभ्यर्थी की आयु दिनांक 31.12.2026 तक 17 वर्ष अथवा अधिक होनी चाहिए।

## 1. प्रवेश पात्रता :–

(अ) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/समकक्ष बोर्ड से 10+2 परीक्षा किसी भी विषय में उत्तीर्ण या तत्सम परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र प्रवेश हेतु पात्र होगे।

(ब) प्रवेश हेतु आरक्षण का प्रावधान राज्य सरकार के नियमानुसार निर्धारित होगा, आरक्षित वर्ग के छात्र–छात्राओं के स्थान रिक्त रह जाने पर सामान्य वर्ग से प्रवेश दिये जा सकेंगे।

(स) आयुर्वेद विभाग के परिचारकों, जिनके लिए राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र अजमेर/जोधपुर में 10–10 सीट आरक्षित है। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के समय सक्षम अधिकारी आयुर्वेद विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## 2. आरक्षण :–

1. राज्य सरकार की नीति अनुसार देय होगा।
2. विकलांग (निशक्तजन) अभ्यर्थियों को सक्षम राजकीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति एवं मूल प्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी। विकलांग संवर्ग (निशक्तजन श्रेणी क्षैतिज आरक्षण हेतु) में **OL (One Leg/LV (Low Vision) / HH (Hard of Hearing), Dwarfism and Acid Attack Victims** श्रेणी के आरक्षित (**Without multiple disabilities**) अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र होंगे।
3. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी।

## आवेदन पत्रों की उपलब्धता :–

1. प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं शैक्षणिक फीस की जानकारी राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद् जयपुर की वेबसाईट https://ranc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. सामान्य जाति/पिछड़ावर्ग/आर्थिक कमजोरवर्ग/अति पिछड़ी जाति के लिये 1200/– एव अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों को 600/– रूपये ऑनलाईन भुगतान करना आवश्यक है।
3. प्रवेश सम्बन्धित अन्तिम निर्णय राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद्, जयपुर का होगा एवं इस सम्बन्ध में किसी भी न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार जयपुर होगा।

रजिस्ट्रार